>

Title: Need to introduce a train from Gandhidham to Delhi via Jalore-Laid.

श्री देवजी पटेल (जालौर): उत्तर पश्चिम रेलवे अंतर्गत ब्रॉडगेज परिवर्तन के करीब दस साल बीत जाने के बाद भी जालोर से दिल्ली व जयपुर के लिए सीधी रेल सेवा नहीं है। इस खंड पर संचालित गाड़ियों का बीकानेर जोधपुर बाड़मेर तक ही संचालन किया जा रहा है। यहाँ के लोगों को जयपुर के लिए लगभग 200 कि0मी0 कि दूरी सफर कर जोधपुर ट्रेन पकड़ने जाना पड़ता है। सांचौर रानीवाड़ा भिनमाल जालोर के लोगो के लिए दिल्ली (लगभग 800 कि0मी0) तक का सफर प्राइवेट बसों में करना पड़ता है। इन बसों का सफर काफी महंगा और बहुत ही कष्टदायक होता है विशेष कर बच्चो और महिलाओ के लिए।

अतः आपसे आग्रह है कि यहाँ के नागरिकों की समस्याओ को देखते हुए गांधीधाम से दिल्ली वाया जालोर (समदड़ी - भीलड़ी) रूट पर ट्रेन प्रारम्भ करवाने का श्रम करावे।